भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 526
जिसका उत्तर 03 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है ।
12 अग्रहायण, 1947 (शक)

कर्नाटक में सामान्य सेवा केंद्र

526. डॉ. के. सुधाकर:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत देश में राज्य-वार, विशेष रूप से कर्नाटक, में कितने सामान्य सेवा केन्द्र(सीएससी) स्थापित किए गए हैं;
(ख) इन सीएससी के माध्यम से सृजित रोजगार का प्रतिशत कितना है;
(ग) सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;
(घ) कर्नाटक में विशेष रूप से चिक्कबल्लापुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी कौशल विकास का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) उक्त सीएससी के कार्यकर्ताओं को दी गई किसी सहायता और इन केंद्रों के माध्यम से मौजूदा मानदंडों या लाभों को संशोधित करने की योजना सहित आम आदमी को प्राप्त होने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क), (ख) और **(ङ):** नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरे देश में सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों का संचालन ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) द्वारा किया जाता है।
सीएससी का नेटवर्क लगातार बढ़ रहा है, वर्तमान में पूरे भारत में लगभग 5.69 लाख केंद्र (30 सितंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार) काम कर रहे हैं, जिनमें से 4.43 लाख ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग 14.5 लाख व्यक्ति विभिन्न सीएससी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे हैं।
कर्नाटक राज्य सहित सीएससी का राज्यवार विवरण वेबसाइट https://csc.gov.in/ पर उपलब्ध है।
सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ग्रामीण स्तर के उद्यमियों (वीएलई) को डिजिटल मोड के माध्यम से प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण प्रदान करता है ताकि बेहतर सेवा वितरण और नागरिकों के साथ बातचीत के लिए उनके कौशल में सुधार किया जा सके।
अब तक, सरकार से नागरिक (जी2सी), बीमा, बैंकिंग, कृषि और अन्य नागरिक-केंद्रित सेवाओं जैसी सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएससी के डिजिटल सेवा पोर्टल (डीएसपी) के उपयोग पर देश भर में 12,95,405 वीएलई को प्रशिक्षित किया गया है।

वीएलई की कौशल और कमाई की क्षमता को मजबूत करने के लिए सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा कई पहल की गई हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

- डिजिटल साक्षरता और सेवा वितरण कौशल को बढ़ाने के लिए वीएलई का नियमित प्रशिक्षण।
- सीएससी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं [डिजीपे (आधार सक्षम भुगतान प्रणाली पर आधारित), बैंकिंग, बीमा] और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से नवीन सेवाओं को बढ़ावा देना।
- सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के माध्यम से ई-कॉमर्स सेवाओं की डिलीवरी, जिससे वीएलई के लिए आजीविका के अवसर बढ़े

इन सीएससी के माध्यम से 800 से अधिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सेवाओं की सूची **https://csc.gov.in/** पर उपलब्ध है।

(ग) प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीडीआईएसएचए) योजना के तहत देश भर में कुल 6.39 करोड़ उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया।

यह योजना सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा लागू की गई थी और 31.03.2024 को संपन्न हुई थी।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के प्रशिक्षण का विवरण नीचे दिया गया है:

अनुसूचित जाति (एससी)		**अनुसूचित जनजाति (एसटी)**		**अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)**	
नामांकित	**प्रशिक्षित**	**नामांकित**	**प्रशिक्षित**	**नामांकित**	**प्रशिक्षित**
1,34,45,690	1,17,53,166	65,47,384	56,23,165	2,92,96,752	2,55,84,393

इस योजना के तहत, कर्नाटक राज्य में, ग्रामीण परिवारों के 29.64 लाख से अधिक उम्मीदवारों को नामांकित किया गया था और 24.41 लाख से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया था।

कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर जिले में, कुल 53,792 उम्मीदवारों को नामांकित किया गया था और कुल 38,462 उम्मीदवारों को पीएमजीदिशा योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया था।

(घ) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाईलिट) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अधीन एक स्वायत्ता संगठन है। यह सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी और संचार प्रौद्योगिकियों में मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण के लिए जिम्मेदार है।

वर्तमान में, कर्नाटक राज्य में चित्रदुर्ग में एक केन्द्र सहित नाइलिट द्वारा प्रत्यक्ष रूप से 56 केन्द्र चलाए जा रहे हैं। इसके द्वारा 700 से अधिक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों का देशव्यापी नेटवर्क और 9000 से अधिक सुविधा केंद्र भी चलाए जा रहे हैं।

नाइलिट के पास विभिन्न स्तरों के डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए कर्नाटक राज्य में फैले 51 सुविधा केंद्र हैं। चिक्काबल्लापुर जिले में, नाइलिट के पास डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों (डीएलसी) पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक डिजिटल साक्षरता सुविधा केंद्र है।

नाइलिट ने अपने स्वयं के केंद्र और प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से पिछले 3 वर्षों में कर्नाटक राज्य में विभिन्न कौशल आधारित दीर्घकालिक, अल्पकालिक और जागरूकता पाठ्यक्रमों में लगभग 3000 छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

*****